महत्वपूर्ण एवं खास

करंट की चपेट में आने से चार शूकर की मौत

कोरबा (आरएनएस)। सिंचाई कालोनी क्षेत्र में हुई घटना में चार शूकर मारे गए। ये सभी करंट की चपेट में आ गए। दावा किया जा रहा है कि बिजली लाईन बिछाने के अंतर्गत एक स्थान पर तारों को छोड़ दिया गया था। घटना को बिजली कंपनी के ठेकेदार की लापरवाही से जोड़कर देखा जा रहा है। दर्री पुलिस को इस मामले की जानकारी दी गई है। बताया गया कि सिंचाई कालोनी के पास एक हिस्से में बिजली तार बिछाने का काम वितरण कंपनी के द्वारा ठेके पर कराया जा रहा है। बिजली पोल लगाने के साथ ऊपर के हिस्से में एंग्ल और अन्य सामान व्यवस्थित कर लिए हैं और वहां तार खींचा जा रहा है। बताया गया कि एक स्थान पर तारों को विद्युत पोल में लगाने के साथ नीचे छोड़ दिया गया था। जाने-अंजाने में इसमें करंट दौड़ गया। इसकी चपेट में एक कारोबारी के चार शूकर आ गए। करंट का झटका खाने के साथ चारों की मौत हो गई। इसकी जानकारी होने पर आसपास के लोगों ने हो हल्ला किया। सीएसईबी प्रबंधन को खबर होने पर उसके द्वारा स्थिति नियंत्रित की गई। कारोबारी चाहता है कि इस मामले में उसे जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपायी बिजली कंपनी के द्वारा करायी जानी चाहिए।

तेज रफ्तार कार और मोटरसाइकिल में जबरदस्त भिड़ंत, दो की मौत एक घायल

बालोद (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के धमतरी -बालोद जिले के सीमा पर स्थित रायपुर-जगदलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में सोमवार दोपहर को हुए एक जबरदस्त सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार हादसा पुरुर थाना क्षेत्र के बालोद दहन गाँव के पास घटित हुई हैं। तेज रफ्तार कार विपरीत दिशा से आ रही बाइक से जा भिड़ी बाइक में दो लोग बैठे थे,प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक सवार कार से टकराकर कार के फ्रंट हिस्से में शीशा तोड़ने हुए जा घुसा और बाइक में बैठा दूसरा शक्स सड़क पर गिर गया वही कार चला रहा व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया जिसे एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल ले जाया गया। बाइक चला व्यक्ति कार से टक्कर के बाद कार के ही फ्रंट में जा फ सा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है और बाईक में बैठे दूसरे व्यक्ति की भी मौत हो गई है। फिलहाल स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुचकर शव का पंचनामा कार्यवाही कर रही हैं। हादसे में घायल और मृतकों की अभी तक शिनाख्त नही हो सकी है।

युवती से छेड़छाड़ करने वाला मौलाना बिहार से गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। डेढ़ साल पहले मां की झाड़ फूंक करने के बहाने पहुंचे युवक ने घर पर अकेली मिली युवती से छेड़छाड़ की। जिसके बाद से आरोपी फरार था। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को बिहार से गिरफ्तार किया है। कुसमुंडा के इमलीछापर निवासी एक महिला की तबियत खराब रहने के कारण परिजन ने क्षेत्र में रहने वाले ओझा मौलाना मो. अली रजा 27 से संपर्क किया था। जो महिला के इलाज का दावा करते हुए झाड़ फूंक करने उसके घर आ रहा था। दिसंबर 2019 में एक दिन घर में महिला की बेटी उसे अकेली मिली। तब वह उसके साथ शादी करने की बात कहते हुए बुरी नियत से छेड़छाड़ करने लगा। बाद में वह भाग निकला। पीड़िता ने रिपोर्ट लिखाई तो कुसमुंडा पुलिस ने मामले में आरोपी मौलाना मो. अली रजा के खिलाफ छेड़छाड़ व टोनही प्रताड़ना का केस दर्ज किया। आरोपी मूलतः बिहार निवासी था। जो फरार हो गया था। पुलिस की विशेष टीम ने बिहार से उसे गिरफ्तार किया है।

8-8 लाख के ईनामी 2 नक्सली कमांडर पति-पत्नि ने किया आत्मसमर्पण

» दोनो नक्सली कमांडर पति-पत्नि कई बड़े नक्सली मुठभेड़ों में थे शामिल

बीजापुर (आरएनएस)। जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत उड़ीसा स्टेट कमेटी अन्तर्गत कालाहांडी-कंधमाल-बोध-नयागढ़ डिविजन, एवं तेलंगाना स्टेट कमेटी में सक्रिय 08-08 लाख के ईनामी 02 नक्सली सेंट्रल रिजनल ब्युरो सीसी प्रोटेक्शन ग्रुप कमाण्डर राजू कारम(एसीएम) पिता बुदरू कारम उम्र 24 वर्ष जाति मुरिया निवासी ग्राम एड़समेटा थाना गंगालूर एवं सुनिता कारम(एसीएम) पति राजू कारम उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम मंडीमरका थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा ने आज विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर उप महानिरीक्षक केरिपु कोमल सिंह, बीजापुर एसपी कमलोचन कश्यप, केरिपु 85 बटालियन कंमाडेंट यादवेन्द्र सिंह यादव अति.पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ.पंकज शुक्ला के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आत्मसमर्पित राजू कारम वर्ष 2013 में गंगालूर एरिया कमेटी सरकार अध्यक्ष के द्वारा संगठन में पीएलजीए सदस्य के रूप में भर्ती किया गया। इस दौरान ग्राम एड़समेटा के जंगल में 10 दिन का प्रशिक्षण दिया गया। अक्टुबर 2013 में सीसी मेम्बर जम्पन्ना उर्फ जगु नरसिम्हा रेड्डी के गार्ड के ड्यूटी के लिए उडीसा भेज दिया। उड़ीसा में वर्ष 2013 से 2017 तक कार्य किया। वर्ष 2017 में सीसी जम्पन्ना के द्वारा तेंलंगाना पुलिस के समक्ष समर्पण के पूर्व तेंलंगाना स्टेट कमेटी के प्रभारी एवं सीसी सदस्य हरिभूषण के साथ कार्य करने के लिए तेलंगाना स्टेट कमेटी में भेजा गया। सेंट्रल रिजनल ब्युरो में सीसी. प्रोटेक्शन ग्रुप में कमाण्डर की जिम्मेदारी दिया गया। इस दौरान हथियार एलएलआर रायफल दिया गया। इस पद पर मार्च 2021 तक कार्य कर रहा था।

आत्मसमर्पित सुनिता कारम वर्ष 2014 में जगरगुड़ा-पामेड़ एरिया कमेटी/एसीएम कमलेश ताती के द्वारा संगठन में पीएलजीए सदस्या के रूप में भर्ती किया गया। जुलाई 2014 में ग्राम चिन्नाबोड़केल के जंगल में मंगेश एसीएम के द्वारा 30 दिन प्रशिक्षण दिया गया। अगस्त 2014 में बासागुड़ा एलओएस कमाण्डर अनिता कुरसम के साथ काम किया। जनवरी 2015 में सीसी जम्पन्ना उर्फ जगु नरसिम्हा रेड्डी के गार्ड ड्युटी के लिए उड़ीसा भेज दिया गया। इस दौरान हथियार सिंगल शॉट बंदुक रखती थी। जहां वर्ष 2017 तक कार्य किया। जनवरी 2021 में तेलंगाना स्टेट कमेटी प्रभारी एवं सीसी सदस्य हरिभूषण के द्वारा सेंट्रल रिजनल ब्यूरो सीसी. प्रोटेक्शन ग्रुप सदस्या के पद पर जिम्मेदारी दिया गया, इस दौरान हथियार इंसास रायफल दिया गया। जनवरी 2021 से अब तक इस पद पर काम कर रही थी।

आत्मसमर्पित पति/पत्नि राजू कारम एवं सुनिता कारम फरवरी 2015 में ग्राम डोंडाजोड़ी थाना फुलबानी, जिला कंधमाल, (उड़ीसा) मुठभेड़ में शामिल थे। जून 2015 में ग्राम लुबेंदगढ़ थाना रामपुर, जिला कालाहण्डी (उड़ीसा) मुठभेड़ में शामिल थे। मई 2016 में ग्राम बोगबेड़ा थाना रामपुर, जिला कालाहण्डी, (उड़ीसा) के बीच हुये हमले में शामिल थे। जुलाई 2016 में ग्राम पिंडीनदेल थाना फिरिंगिया जिला कंधमाल, (उड़ीसा) के मुठभेड़ में शामिल थे। दिसम्बर 2016 में ग्राम डांड्रीपारा थाना फिरिंगिया, जिला कंधमाल (उड़ीसा) मुठभेड़ में शामिल थे। मई 2017 में जिला नुवापाड़ (उड़ीसा) से जंगल के रास्ते लौटते वक्त जिला कांकेर के जंगल में हुए मुठभेड़ में शामिल थे। दिसम्बर 2017 में ग्राम मुक्काबेली थाना फरसेगढ़ क्षेत्रान्तर्गत हुये मुठभेड़ में शामिल थे, जिसमें प्लाटून नम्बर 02 कमाण्डर संदीप कुरसम उर्फ पर्व घायल हुआ था। 02 मार्च 2018 में ग्राम पुजारी कांकेर के कर्रेगुट्टा पहाड़ में ग्रेहाउंडस तेलंगाना पुलिस के साथ मुठभेड़ में शामिल, जिसमें सीआरसी कंपनी नम्बर 02 के 09 नक्सली इस घटना में मारे गये एवं 01 पुलिस का जवान शहीद हुआ था।

काव्यसंगम के कलाकारों ने हरेली के अवसर पर संगीतमय प्रस्तुति दी

रायपुर (आरएनएस)। काव्यसंगम पहल के अंतर्गत काव्य संगम का हुआ आगाज जहां मौजूद थे पद्मश्री भारती बंधु वही साथ ही मौजूद थे हमारे प्रदेश के जाने-माने कलाकार अनिल सिन्हा उर्फ फुफू घनश्याम मिर्जा, आरजे सिद्धांत , कवि मनोज शुक्ला वहीं प्रदेश के युवा कलाकारों ने बहुत ही सुंदर प्रस्तुति के साथ शाम का आगाज किया काव्य संगम एक ऐसी पहल है जो कि पूरे प्रदेश को एक नए रूप में दिखा रहा है हरेली के शुभ दिन पर इकोहोलीक कैफे पर किया गया काव्यसंगम पहल समिति के अध्यक्ष आदित्य उपाध्याय (फाउंडर द यंग कैरेक्टर) और उनकी टीम ने यह आयोजन करवाया साथि उनके साथ 30 मॉन्टैन की टीम और उनके संस्थापक खेमलाल साहू मैं उनका पूर्ण योगदान दिया छत्तीसगढ़ के प्रथम वुमंस ओपन माइक वाणी की भी घोषणा यहां करवाई गई जो कि 28 अगस्त को रायपुर शहर में होने वाली है। कवि संगम पहल के अंतर्गत कोरोना महामारी के दौरान बहुत से ऑनलाइन निशुल्क प्रतियोगिता हुई जिसमें प्रदेश से और प्रदेश के बाहर से भी बहुत से युवा कलाकारों को ढूंढा गया जिसमें कवि राजेश जैन रही ने निर्णायक कि भूमिका निभाई।

छग विद्युत संविदा कर्मचारी संघ तीन सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ करेगा 10 को

» चरणबद्ध आंदोलन के तहत 11 अगस्त को संविदाकर्मी बैठेंगे भूख हड़ताल पर

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ नियमितीकरण सहित तीन सूत्रीय मांगों को लेकर बुढ़ापारा धरनास्थल में अनिश्चितकालीन धरना 10 अगस्त से प्रारंभ करेगा। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में संघ के अध्यक्ष विवेक भगत, संयुक्त महामंत्री कमलेश भारद्धाज, महामंत्री उमेश पटेल एवं लोकनाथ साहू ने संयुक्त रूप से दी।

वार्ताकारों ने पत्रकारवार्ता में बताया कि 5 वर्ष की सेवा के उपरांत भी छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के मुख्य अधिकारी वितरण शाखा द्वारा 2500 संविदा कर्मियों को अब तक नियमित नहीं किया गया है। केवल 8000 रूपए प्रतिमाह वेतन पर बिना तकनीकी जानकारी के विद्युत पोलों पर कर्मियों को चढ़ाकर सुरक्षा उपकरण के बिना विद्युत सुधार कार्य मुख्य लाईनों में कराया जाता है। तकनीकी जानकारी नहीं होने के कारण अब तक कई कर्मी दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। दुर्घटनाग्रस्त हुए लोकनाथ साहू ने बताया कि बंद लाईन में अचानक करंट आने से उनका एक हाथ विद्युत तार में चिपकने से ईएसआई अस्पताल में 15 लाख रूपए खर्च करने पर कटवाना पड़ा। विद्युत मंडल के वितरण शाखा के प्रमुख अधिकारियों ने मुआवजे के रूप में उन्हें एक भी रूपए नहीं दिया है।

वार्ताकारों ने बताया कि उनकी अन्य दो मांगों में विद्युत दुर्घटनाओं में शहीद हुए कर्मियों के परिजनों को उचित मुआवजा एवं अनुकंपा नियुक्ति तत्काल दी जाए।

अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटने से 4 की मौत 19 घायल 5 गंभीर

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिला के कटेकल्याण थाना क्षेत्र के ग्राम तेलम-टेटम में आज दोपहर 02 बजे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर खेतनुमा डबरी में जाकर पलटने से 04 ग्रामीणों की मौत हो गई है, वहीं 19 ग्रामीण घायल हैं, जिसमें से 05 गंभीर हैं। मृतकों की पहचान कोसा उम्र 35 वर्ष, दसई कवासी उम्र 16 वर्ष, दिनेश मरकाम उम्र 09 वर्ष और फूफे कवासी उम्र 40 वर्ष के रूप में हुई है। दुर्घटना में मृतकों और घायलों में कई नाबालिक हैं। दुर्घटना की जानकारी मिलते की वहां तैनात डीआरजी के जवान तत्काल मौके पर पंहुचकर स्थानिय ग्रामीणों की मदद से पूरी तरह पलटी ट्रैक्टर को सीधाकर घायलों को निकाला अन्यथा हताहतों की संख्या और भी अधिक होती।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़ी संख्या में ग्रामीण ट्रैक्टर में सवार होकर कटेकल्याण की ओर आदिवासी दिवस मनाने जा रहे थे, तभी टेटम और तेलम गांव के बीच ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खेतनुमा डबरी में पलट गई। ट्रैक्टर में 23 लोग सवार थे, इस भीषण हादसे में ग्रामीण ट्रैक्टर के नीचे दब गए, जिससे 04 ग्रामीणों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं इस हादसे में 19 ग्रामीण घायल हुए हैं, जिसमें से 05 गंभीर रूप से घायल हैं। सभी घायलों को डीआरजी के जवानों ने कटेकल्याण सीएचसी अस्पताल में भर्ती करवाया है, जहां सभी का इलाज चल रहा है।

घटना की वजह चालक की लापरवाही बताई जा रही है। मृतकों की पहचान कोसा उम्र 35 वर्ष, दसई कवासी उम्र 16 वर्ष, दिनेश मरकाम उम्र 09 वर्ष और फूके कवासी उम्र 40 वर्ष के रूप में हुई है। वहीं घायलों में बुधरी मड़काम उम्र 40 वर्ष, वीना मड़काम उम्र 13 वर्ष, गीता मड़काम उम्र 12 वर्ष, सुजाता मड़काम उम्र 13 वर्ष, कोसी मंडावी उम्र 14 वर्ष, लिंगे मरकाम उम्र 24 वर्ष, जोगी मरकाम उम्र 26 वर्ष, सूरजीत मरकाम उम्र 03 वर्ष, बुधराम सोढ़ी उम्र 35 वर्ष, पाली सोढ़ी उम्र 07 वर्ष, कोसा माड़वी उम्र 58 वर्ष, लाली माड़वी उम्र 15 वर्ष, शिबू मरकाम उम्र 14 वर्ष, जोगा मरकाम उम्र 12 वर्ष, अमृत मरकाम उम्र 13 वर्ष, रेनू मरकाम उम्र 13 वर्ष, आयते मरकाम उम्र 14 वर्ष, मासे मारकाम उम्र 24 वर्ष और भीमा कवासी उम्र 26 वर्ष शामिल है।

धमतरी में चल रही तीजा तिहार पर आधारित छत्तीसगढ़ी फिल्म की शूटिंग

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध त्यौहार तीजा पर आधारित छत्तीसगढ़ी फिल्म की शूटिंग इन दिनों धमतरी जिले में चल रही है।

धमतरी जिले के छाती में इन दिनों छत्तीसगढ़ी फिल्म की शूटिंग जोरशोर से चल रही है। फिल्म के प्रोडूसर विजय चंद्राकर है। फिल्म की कहानी उर्वसी साहू ने लिखी है। फिल्म प्रदेश के प्रसिद्ध तीजा तिहार पर आधारित है। फिल्म में कचरा बोदरा की कॉमेडी के साथ-साथ उर्वसी उपासना के बहुत ही लाजवाब गानें है। चूंकि फिल्म की कहानी महिलाओं के तीजा तिहार पर आधारित और इसलिए फिल्म को काफी प्रतिसात मिल सकता है। दर्शक फिल्म को उर्वशी इण्टर्टेन्मेंट पर देख पायेंगे। फिल्म को शूट छग फिल्म के चर्चित कैमरा मेन लक्ष्मण कर रहे है।

पत्नी ने पति पर धारदार हथियार बसूले से किया हमला पति की हुइ मौत

कांकेर (आरएनएस)। जिले के माकड़ी थाना अंर्तगत ग्राम सरईबेड़ा में पति पत्नी के आपसी विवाद में पत्नी बुकाय मरकाम ने पति पुन्नू मरकाम पर धारदार हथियार बसूले से हमला कर दिया जिससे पति पुन्नू मरकाम की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम सरईबेड़ा में सरपंच लखेश्वर पोयम उपसरपंच सत्रू राम पोयम ने थाना में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई की उनके बड़े भाई वासुदेव मरकाम का वर्ष 2014 में मृत्यु हो जाने के बाद उनकी पत्नी बुकाय मरकाम उम्र 43 की दूसरी शादी उनकी मझले भाई पुन्नूराम मरकाम पिता लखनू मरकाम उम्र 35 के साथ सामाजिक रीति रिवाज के साथ हुई थी। विवाह के बाद से दोनों पति पत्नी में आपसी विवाद होता रहता था। किसी बात को लेकर विवाद में बुकाय मरकाम ने पति पुन्नू राम मरकाम पर बसूले से उसके सिर पर कंधे पर कान पर और कनपटी के पास मारा जिसके कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी देवेंद्र दरो ने बताया कि मृतक पुन्नूराम मरकाम धान बेचकर शराब पीने का आदी था। जिसके कारण उसकी पत्नी उसको मना करती थी। पर उसके मना करने के बावजूद वह धान को बेचकर शराब पीता था। जिसे लेकर दोनो में आपसी विवाद हुआ करता था। विवाद इतना बढ़ गया कि पत्नी ने गुस्से में आकर अपने पति को बसूले से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

ट्रक की चपेट में आने से तीन मवेशी की मौत वहीं ती बाइक क्षतिग्रस्त

महासमुंद (आरएनएस)। ट्रक की चपेट में आने से तीन मवेशियों की मौत हो गई है। वहीं सड़क किनोर खड़ी दो बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। मामला बसना थाना के ग्राम जगदीशपुर का मामला है। पुलिस थाना से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जगदीशपुर निवासी नरोत्तम रौतिया देशी शराब दुकान बसना में सुपरवाइजर का काम करता है। शनिवार को शाम 7:30 बजे अपने मवेशी बैल काले रंग को लेकर सड़क किनारे से पैदल घर जा रहा था । सेवा भवन अस्पताल रोड के पास पहुंचा था उसी समय सामने से आ रहा ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमसी 3877 का चालक लापरवाहीपूर्वक चलाकर बैल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया एवं वहीं पास में सफेद रंग का देशी बछड़ा, एक सफेद रंग का बछिया को भी अपने चपेट में ले लिया। इससे तीनों की घटना स्थल पर मौत हो गई।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता — इस संघ का गठनसमूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती एकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी शुक्ल एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे निश्चित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य स्वयं में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां — मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता फैला करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु — प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें — संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूर्धन्य नेताओं एवं महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

हरेली उत्सव में महिलाओं ने रस्सी खींच ,छत्तीसगढ़ी गीत , छत्तीसगढ़ी परिधान में लोगों का मन मोह लिया

रायपुर (आरएनएस)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव एवं विकास समिति रायपुर के अध्यक्ष माधव लाल यादव के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की पहली तिहार हरेली उत्सव को बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया उक्त संपूर्ण आयोजन सरजू बांधा गार्डन टिकरापारा में संपन्न हुआ सर्वप्रथम गाय और बैलों हल रापा कुदारी औजार की कृषि औजार की पूजा अर्चना की गई उक्त पूजा-अर्चना छत्तीसगढ़ शासन तेलगानी बोर्ड के प्रथम अध्यक्ष संदीप साहू ने की उन्होंने फोड़ कर विधिवत सभी खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया आयोजक संस्था की ओर से उन्हें छत्तीसगढ़ी पगड़ी जैकेट और लाठी एट देकर उनका अभिनंदन किया गया उन्होंने कहा कि वे छत्तीसगढ़ी कला संस्कृति के लिए अपना हमेशा योगदान हमेशा देंगे। लड़की और महिलाओं के लिए रस्सी दौड़ रस्सी खींच कुर्सी दौड़ छत्तीसगढ़ी सिंगार छत्तीसगढ़ी गीत छत्तीसगढ़ी नृत्य खो-खो फुगड़ी जनौला प्रतियोगिता प्रारंभ हुई छत्तीसगढ़ी व्यंजन में प्रथम पुरस्कार अंजलि यदु नीतू साहू को दिया गया, छत्तीसगढ़ी क्विज में हेमलता साहू प्रथम नीतू साहू द्वितीय नंदिनी शर्मा तृतीय रहे कुर्सी दौड़ में रेखा शर्मा प्रथम माधुरी वर माहिती रूपा यदु तृतीय रही खुर्शीद और लड़कियों के लिए प्रथम निशा साहू वंदना साहू मानसी साहू रही छत्तीसगढ़ी कविता पाठ में किरण कर प्रथम रही द्वितीय हर्षिता यादव और प्रीति माया मितानिन दीदी रही छत्तीसगढ़ी गाना में प्रथम पुरस्कार कुमारी जमुना द्वितीय पूर्णिमा कुमारी और तृतीय मुस्कान धनगर को दिया गया महिलाओं की दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम बिंदु यादव और खो खो टीम हेमलता यादव विजेता रही छत्तीसगढ़ी परिधान में खुशबू साहू प्रथम रही द्वितीय पुरस्कार अंजलि को दिया गया।